# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 12.03.2023

**1-थाना फेस-1 नोएडा पुलिस द्वारा, एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल लूट/चोरी की घटना कारित करने वाला 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूट/चोरी के 02 मोबाइल फोन बरामद।**

दिनांक 12.03.2023 को थाना फेस-1 नोएडा पुलिस द्वारा, एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल लूट/चोरी की घटना कारित करने वाला 01 वांछित अभियुक्त राज नारायण उर्फ राजू पुत्र स्व श्री रामा शंकर निवासी ग्राम रसढा, थाना रसढा, जिला बलिया, उ0प्र0 वर्तमान पता पीपल चौक, नियर खेडा देवता मंदिर, दल्लुपुरा, दिल्ली को थाना क्षेत्र के वसुन्धरा बोर्डर के पास नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से लूट/चोरी के 02 मोबाइल फोन (सैमसंग व ओप्पो कम्पनी) बरामद हुए है। अभियुक्त राज नारायण उर्फ राजू थाना फेस-1 पर पूर्व से पंजीकृत मु0अ0सं0 493/22 धारा 392 भादवि थाना सेक्टर-20 नोएडा व मु0अ0सं0 102/23 धारा 392 भादवि थाना फेस-1 नोएडा में वांछित है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 414 भादवि की वृद्धि की गयी।

**अपराध करने का तरीकाः**

अभियुक्त उपरोक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो अपने साथियों के साथ मिलकर मोबाइल लूट/चोरी की घटनायें कारित करता है।

**अभियुक्त का विवरणः**

राज नारायण उर्फ राजू पुत्र स्व श्री रामा शंकर निवासी ग्राम रसढा, थाना रसढा, जिला बलिया, उ0प्र0 वर्तमान पता पीपल चौक, नियर खेडा देवता मंदिर, दल्लुपुरा, दिल्ली।

**आपराधिक इतिहास का विवरणः**

1.मुअ0सं0 102/23 धारा 392/414 भादवि थाना फेस-1, गौतमबुद्धनगर।

2.मु0अ0सं0 493/22 धारा 392/414 भादवि थाना सेक्टर-20, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरणः**

02 मोबाइल फोन लूट/चोरी के बरामद

**2-थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व 01 अवैध तमंचा कारतूस .315 बोर मय 01 मिस कारतूय व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद।**

दिनांक 12.03.2023 को थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा हत्या का प्रयास करने वाला वांछित अभियुक्त दौलत नाई पुत्र ओमप्रकाश उर्फ ओमी नाई निवासी सलेमपुर गुर्जर, थाना कासना, जिला गौतमबुद्धनगर को नट मढैया गोल चक्कर ऐच्छर थाना क्षेत्र बीटा-2 से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल स्पलेंडर नम्बर यूपी 16 बीजे 1067 व 01 अवैध तमंचा मय 01 मिस कारतूस व 01 जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुए है।

**घटना का विवरणः**

दिनांक 11.03.2023 को वादी मुकदमा अपने किसी काम से सेक्टर-37, ग्रेटर नोएडा आये थे और काम खत्म कर अपने सहकर्मी के साथ वापस जा रहे थे तो दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन व्यक्तियों ने पूर्व की रंजिश के चलते वादी की मोटरसाइकिल के सामने मोटरसाइकिल लगाकर वादी के साथ मारपीट कर जान से मारने की नियत से फायर किया गया जिसमें वादी बाल-बाल बचे और जान बचाकर मौके से भाग गये थे। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना बीटा-2 पर मु0अ0सं0- 127/2023 धारा 307/323 भादवि पंजीकृत किया गया। जिसमें थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 12.03.2023 को अभियुक्त दौलत नाई उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया है।

**अभियुक्त का विवरणः**

दौलत नाई पुत्र ओमप्रकाश उर्फ ओमी नाई निवासी सलेमपुर गुर्जर, थाना कासना, जिला गौतमबुद्धनगर।

**आपराधिक इतिहास का विवरणः**

1.मु0अ0सं0 261/2022 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना कासना, गौतमबुद्धनगर।

2.मु0अ0सं0 508/2014 धारा 394,411भादवि0 थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

3.मु0अ0सं0 614/2014 धारा 392,411भादवि0 थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

4.मु0अ0सं0 05/2015 धारा 392,411भादवि0 थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

5.मु0अ0सं0 648/2015 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि0 थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

6.मु0अ0सं0 67/2016 धारा 379,411 भादवि0 थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर।

7.मु0अ0सं0 210/2016 धारा 302,394,411 भादवि0 थाना सेक्टर-39, गौतमबुद्धनगर।

8.मु0अ0सं0 336/2016 धारा 420,411,414 भादवि0 थाना सेक्टर-20, गौतमबुद्धनगर।

9.मु0अ0सं0 334/2016 धारा 307,394,411,120बी0 भादवि0 थाना सेक्टर-20, गौतमबुद्धनगर।

10.मु0अ0सं0 451/2016 धारा 25/27 आयुध अधि0 थाना सेक्टर-39, गौतमबुद्धनगर।

11.मु0अ0सं0 980/2016 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि0 थाना सेक्टर-20, गौतमबुद्धनगर।

12.मु0अ0सं0 546/2019 धारा 393,120बी भादवि0 थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

13.मु0अ0सं0 575/2019 धारा 392,411,120बी भादवि0 थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर।

14.मु0अ0सं0 200/2020 धारा 392,411 भादवि0 थाना सिधांबली अहीर, जिला बागपत।

15.मु0अ0सं0 209/2020 धारा 307 भादवि0 थाना सिधांबली अहीर, जिला बागपत।

16.मु0अ0सं0 211/2020 धारा 25/27 आयुध अधि0 थाना सिधांबली अहीर, जिला बागपत।

17.मु0अ0सं0 348/2020 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि0 थाना सिधांबली अहीर, जिला बागपत।

18.मु0अ0सं0-127/2023 धारा 307/323/34 भादवि थाना बीटा-2 गौतमबुद्धनगर।

19.मु0अ0सं0-128/2023 धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना बीटा-2, गौतमबुद्धनगर

**बरामदगी का विवरणः**

1.घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल स्पलेंडर नम्बर यूपी 16 बीजे 1067

2.01 अवैध तमंचा मय 01 मिस कारतूस व 01 जिंदा कारतूस .315 बोर।

**#थाना सेक्टर-20 पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही कर मात्र 4 घंटें के अन्दर गुमशुदा हुई तीन नाबालिग बच्चियों को सकुशल बरामद किया गया।**

दिनांक 11.03.2023 को पीड़ित द्वारा थाना सेक्टर-20 पर अपनी दो छोटी बहनों उम्र क्रमशः 8 वर्ष एवं 14 वर्ष तथा एक अन्य पडोस की बच्ची उम्र 14 वर्ष के घर से नाराज होकर बिना बताये कहीं चले जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना सेक्टर-20 पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चियों की तलाश हेतु पुलिस की दो टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए गुमशुदा तीनों बच्चियों को मात्र 04 घन्टे के अन्दर दिल्ली, खजूरी खास क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया। तीनों बच्चियों को समझा-बुझाकर सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चियों के परिजनों द्वारा अपनी बच्चियों को सकुशल वापस पाकर गौतमबुद्धनगर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।